न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी— सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
10/2025	11.06.2025	13/03/2026

कुलदीप मीना पुत्र श्री किशन मीना, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
——प्रार्थी

बनाम

1. बाबूलाल पुत्र रामसहाय, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
2. शिवचरण पुत्र सुम्या, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
3. हरिचरण पुत्र सुम्या, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
4. हरिसिंह पुत्र सुम्या, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
5. चौथी पुत्र लोहडे, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
6. जगन पुत्र लोहडे, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
7. रामस्वरूप पुत्र लोहडे, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
8. रामस्वरूप पुत्र नारायण, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
9. रूपराम पुत्र प्यारेलाल, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
10. रूपराम पुत्र प्यारेलाल, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
11. रूपसिंह पुत्र प्यारेलाल, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
12. कमला राम पुत्र प्यारेलाल, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
13. छुट्टन लाल पुत्र प्यारेलाल, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
14. मुकेश पुत्र कलुआ, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
15. सुमेर पुत्र कलुआ, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर
16. लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील वजीरपुर ——अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :— श्री संजय कुमार शर्मा, एडवोकट, प्रार्थीगण की ओर से

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि ख0न0 3298 रकबा 0.55 है0, ख0न0 6649/3295 रकबा 0.10 है0, ख0न0 6650/3299 रकबा 0.87 है0 ग्राम उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर स्थित है। उक्त भूमि पर काबिज रहकर प्रार्थी अपने परिवार का पालन पोषण करता आ रहा है। इस भूमि से अन्य किसी दीगर व्यक्ति का कोई सम्बन्ध नही है। प्रार्थी की भूमि ख0न0 3298 रकबा 0.55 है0 के पूर्व दिशा मे अप्रार्थीगण संख्या 1 की भूमि, पश्चिम दिशा मे अप्रार्थी छुट्टन लाल की भूमि, पश्चिम दिशा मे अप्रार्थी कमलाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.04.07 17:16:57 IST
Reason: Self Attested

की भूमि दक्षिण दिशा मे अप्रार्थी संख्या 13 ता 15 की तथा उत्तर दिशा मे प्रार्थी स्वयं की भूमि स्थित है। इसी प्रकार प्रार्थी की भूमि ख0न0 6649/3295 रकबा 0.10 है0 के पूर्व मे अप्रार्थी बाबूलाल की भूमि, पश्चिम दिशा मे अप्रार्थी रूपसिंह की भूमि, उत्तर दिशा मे अप्रार्थीगण संख्या 13 ता 15 की भूमि, दक्षिण दिशा मे अप्रार्थी रूपसिंह की भूमि है। प्रार्थी की भूमि ख0न0 6650/3299 के पूर्व दिशा मे अप्रार्थी संख्या 12 ता 15 की सहखातेदारी की भूमि, पश्चिम दिशा मे अप्रार्थी रामस्वरूप एवं अप्रार्थी संख्या 5 ता 7 की खातेदारी कभूमि, उत्तर दिशा मे अप्रार्थी छुटटन की भूमि तथा दक्षिण दिशा मे अप्रार्थी संख्या 2 ता 4 की भूमि स्थित है। प्रार्थी की भूमि आस पास एवं चारो दिशाओं मे अप्रार्थीगण की भूमि होने के कारण अप्रार्थीगण एवं प्रार्थी के मध्य सीमाचिन्हो एवं भूमि की डौल मेड को लेकर आये दिन विवाद होता रहता है। दिनांक 1.6.25 को अप्रार्थीगण ने सीमाचिन्हों को मानने से इंकार कर देने से यह प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ख0न0 3298 रकबा 0.55 है0, ख0न0 6649/3295 रकबा 0.10 है0, ख0न0 6650/3299 रकबा 0.87 है0 ग्राम उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर के चारो ओर नाप कर पत्थरगढी करवाये जाने के आदेश फरमाये जावे।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने फोटोकोपी नकल जमाबंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 47, 792, 840, 816, 838, 839, 592, 157, 770, 324 ग्राम उदेईखुर्द, नकल नक्शा ट्रेस, नकल सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 30.5.25 प्रस्तुत किये है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया

अप्रार्थी छुट्टनलाल एवं बाबूलाल स्वयं न्यायालय मे उपस्थित हुए तथा विवादित भूमि का पत्थरगढी किये जाने मे सहमति प्रदान की है।

प्रार्थी के विद्वान अभिभाषक ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 20[illegible].04.07 1[illegible]:1[illegible]:57 IST
Reason: SelfAttested

बहस पर मनन किया। पत्रावली [illegible]ब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 30.05.2025 [illegible]ष्ट है कि प्रार्थी को उसकी भूमि ख0न0 3298, 6649/3295, 6650/3299 ग्राम उदेईखुर्द का सीमाज्ञान कराया जा चुका है परन्तु प्रार्थी का पडौ[illegible] काश्तकारों से विवाद बने रहने की संभावना है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि भूमि ख0न0

3298 रकबा 0.55 है0, ख0न0 6649/3295 रकबा 0.10 है0, ख0न0 6650/3299 रकबा 0.87 है0 ग्राम उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर की पत्थरगढी कराने के अधिकारी हैं।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं लैण्ड होल्डर तहसीलदार वजीरपुर को आदेश दिया जाता है कि वह मौके पर स्वयं जाकर पडौसी खातेदारों की उपस्थिति में प्रार्थी को उसकी खातेदारी भूमि भूमि ख0न0 3298 रकबा 0.55 है0, ख0न0 6649/3295 रकबा 0.10 है0, ख0न0 6650/3299 रकबा 0.87 है0 ग्राम उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर पर पत्थरगढी करावें।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13/03/26 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुधारानी मीना)
उप जिला कलक्टर
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.04.07 17:16:57 IST
Reason: SelfAttested